# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनाँक **09.09.2025** को विकास भवन सभागार में सम्पन्न समीक्षा बैठक का

कार्यवृत्तः-

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री राजीव कुमार, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर।
3. श्री संजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
4. श्री शमीम अहमद, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
5. श्री अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
6. श्री मनेन्द्र कुमार, डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
7. श्री इमरान कुरेशी, आई0एस0ए0, कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
8. श्री यगन कुमार, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
9. श्री राजीव राय, जनरल मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
10. श्री संदीप धीमान, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
11. श्री मांगेराम प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
12. श्री संजीव त्यागी, जनरल मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
13. श्री गोवर्धन जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
14. श्री प्रवीण कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 लयूमिनो इन्ड्रस्टीज, लि0।
15. श्री कपिल त्यागी, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत-महाबलीपुर।
16. मौ0 शहजाद, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत दधेड़ू कलाँ।
17. श्री सुभाष, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बेगमपुर।
18. श्री पुष्पेन्द्र, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत नरोत्तमपुर बरवाला।
19. श्री प्रदीप, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत नगंला दुहेली।
20. श्री अक्षय राठी, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा।
21. श्री कमाल अहमद, लेखपाल ग्राम पंचायत दधेड़ू कला।
22. श्री सौरभ सिंह, लेखपाल ग्राम पंचायत बेगमपुर।
23. श्री हरीश, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नरोत्तमपुर।
24. श्री शमीम अहमद, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दधेड़ू कलाँ।
25. श्री राजकिशोर, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत महाबलीपुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यो पर प्रगति की समीक्षा हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनॉक 09.09.2025 को विभागीय अधिकारियो, सम्बन्धित फर्मो, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0 एवं सम्बन्धित लेखपाल/पंचायत सचिव/ग्राम प्रधानो के साथ भूमि विवाद एवं कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वप्रथम भूमि विवाद की समीक्षा की गई-

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य वन्य जीव बारहसिंघा अभ्यारण्य (पूर्व नाम हस्तिनापुर वन्य जीव विहार) के अन्तर्गत कुल 20 नग पेयजल योजनाओ पर वन विभाग से अनुमति की आवश्यकता है एवं प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी विभाग, मुजफ्फरनगर के पत्रॉक 1239/14-1/UP/DRK WATER/498247/2024 दिनॉक

05.11.2024 द्वारा प्रधान मुख्य वन रक्षक वन्य जीव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को नियमानुसार अनुमति प्रस्ताव उच्च स्तर में प्रेषित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। डी0एफ0ओ0 मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त प्रस्ताव पर शासन द्वारा आपत्ति लगाकर वापस कर दिया गया है, जिनका निराकरण कराकर यथाशीघ्र पुनः पोर्टल पर अपलोड करा दिया जायेगा।

**ग्राम पंचायत नंगला दुहेली, विकास खण्ड-पुरकाजी-** भूमि प्राप्त, परन्तु सिचाई विभाग/वन विभाग द्वारा अनापत्ति पत्र निर्गत न किये जाने के कार्य बन्द है, जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग से अधोहस्ताक्षरी की वार्ता कराने एवं नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत खोजानंगला, विकास खण्ड-पुरकाजी -** भूमि अप्राप्त। ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा बैठक में प्रतिभाग नही किया गया।

**ग्राम पंचायत बेगमपुर, विकास खण्ड-चरथावल-** भूमि अप्राप्त। सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा अवगत कराया गया कि नवीन ग्राम पंचायत बनने एवं चकबन्दी होने के कारण वर्तमान में पेयजल योजना हेतु भूमि उपलब्ध नही है।

**ग्राम पंचायत सैदनंगला, विकास खण्ड-चरथावल :-** भूमि अप्राप्त। ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा बैठक में प्रतिभाग नही किया गया।

**ग्राम पंचायत दधेड़ू कलॉ, विकास खण्ड-चरथावल :-** भूमि अप्राप्त। लेखपाल द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में पेयजल योजना हेतु भूमि उपलब्ध नही है। ग्राम में शत्रु सम्पत्ति की भूमि उपलब्ध है, जिस पर नियमानुसार भूमि प्राप्त करने की संभावना एवं अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत महाबलीपुर, विकास खण्ड-चरथावल -** भूमि प्राप्त, परन्तु पहुच मार्ग नही है। इसके अतिरिक्त ग्राम में कोई भूमि उपलब्ध नही है।

**ग्राम पंचायत नरोत्तमपुर बरवाला, विकास खण्ड-बघरा-** ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में खाद के गड्ढो से अतिरिक्त कोई भूमि उपलब्ध नही है।

**ग्राम पंचायत रहमतपुर गडवाडा, विकास खण्ड-मोरना-** भूमि अप्राप्त। ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा बैठक में प्रतिभाग नही किया गया।

**ग्राम पंचायत अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा, विकास खण्ड-खतौली-** भूमि प्राप्त, परन्तु ग्रामवासियो के अत्यधिक विरोध के कारण पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो पाये है।

**ग्राम पंचायत लोहड्डा, विकास खण्ड-खतौली-** भूमि अप्राप्त। ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा बैठक में प्रतिभाग नही किया गया।

इसके अतिरिक्त फर्मो की प्रगति के बारे में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा निम्नानुसार अवगत कराया गया:-

1- **मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0इ0एस0पी0एल0(जे0वी0), मुम्बई** की स्वीकृत 215 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 212 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 213 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 201 योजनाओ में 1227.46 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 114783 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 201 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है, जिसके सापेक्ष 112 योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत 166 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 123 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 50 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 47 नग योजनाओ पर विद्युत विभाग से प्राप्त टी0सी0 के सापेक्ष 47 योजनाओ की धनराशि जमा कराई गई है, जिसमें से 42 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन पूर्ण हो गये है।

फर्म द्वारा 216 अवर जलाशय के सापेक्ष 210 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसके सापेक्ष 55 योजनाओ पर अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा 14 ग्रामो का हर घर जल प्रमाणीकरण करा दिया गया है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर अवर जलाशय के कार्य पूर्ण हो गये है, उन योजनाओ में समस्त कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणीकरण यथाशीघ्र कराया जाना सुनिश्चित करे। फर्म द्वारा 201 योजनाओ पर पाईप लाईन से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ कराये गये है, जिसके सापेक्ष 130 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कडे निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष है, उन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन के कार्य यथाशीघ्र प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे।

2- **मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0), हैदराबाद** की स्वीकृत 19 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 19 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक सभी ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 262.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 27478 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है, सभी 23 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत सभी 18 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 05 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान सभी योजनाओ के विद्युत कनेक्शन करा लिये गये है। उपलब्ध 23 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 23 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा 16 योजनाओ का हर घर जल प्रमाणीकरण करा दिया गया है। सम्बन्धित फर्म को सख्त निर्देश दिये गये कि अवशेष 03 योजनाओ के हर घर जल प्रमाणीकरण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करे।

3- **मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली** की स्वीकृत 109 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 105 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 105 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 102 योजनाओ में 774.83 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 67670 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 92 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है। स्वीकृत 60 नग योजनाओ के सापेक्ष 27 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 40 नग योजनाओ पर विद्युत विभाग से प्राप्त टी0सी0 के सापेक्ष 14 योजनाओ की धनराशि जमा कराई गई है, जिसमें से मात्र 14 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन कराये गये है। फर्म द्वारा 110 अवर जलाशय के सापेक्ष 68 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा किसी भी योजना का हर घर जल प्रमाणीकरण नही किया गया है एंव मात्र 02 योजनाओं पर ही अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। फर्म द्वारा 102 योजनाओ पर पाईप लाईन से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ कराये गये है, जिसके सापेक्ष 35 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष है, उन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन के कार्य यथाशीघ्र प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे।

4- **मै0 ल्यूमिनो इन्डस्ट्रीज लि0, कोलकाता** को शासनादेश संख्या 63/2024/2066/छिहत्तर-1-2024/1739613 दिनाँक 29 अगस्त, 2024 के अनुसार निर्गत संचालन एवं अनुरक्षण नीति 2024 में निहित प्राविधानो के अनुसार मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उत्तर

),

प्रदेश जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ के पत्रांक संख्या 548/011-निविदा/25 दिनाँक 04.03.2025 द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में ग्रामीण पेयजल योजनाओ का सर्वेक्षण, डी0पी0आर0 बनाने तथा 10 वर्ष तक संचालन एवं रखरखाव कार्य करने हेतु चयनित किया गया है। चयनित फर्म को खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर के पत्रांक 1984/121/42 दिनाँक 16.04.2025 द्वारा पूर्व निर्मित समस्त 130 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओ की सूची उपलब्ध करा दी गयी है एवं चयनित फर्म मै0 ल्यूमिनो इन्डस्ट्रीज द्वारा उक्त ग्रामो में सवेक्षण, डी0पी0आर0 बनाने तथा संचालन एवं रखरखाव हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। फर्म द्वारा वर्तमान तक 130 डी0पी0आर0 के सापेक्ष 112 डी0पी0आर0 तैयार कर शासन को प्रेषित कर दी गई है। 18 डी0पी0आर0 बनाने का कार्य अवशेष है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि आई0जी0आर0एस0 का समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें।

Digitally signed by
KANDARKAR KAMALKISHOR DESHBHUSHAN
Date: 16-09-2025 20:29:05

(कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण)
मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मुजफ्फरनगर।

पृ0सं0 5575 / 108 / 80 दिनाँकः- 17/09/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
3. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि फर्मो एवं सम्बन्धित अधिकारियो से सम्पर्क कर कार्यो में वांछित प्रगति लाना सुनिश्चित करे।
5. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 लयूमिनो इन्ड्रस्टीज, लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त डी0पी0आर0 तैयार कर यथार्शाघ्र उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मुजफ्फरनगर।